पत्रांक -बि.प्र.सु.मि.सो./IT-02/2016 (खण्ड) सो0- 1712

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

मनोरंजन कुमार
प्रशासनिक पदाधिकारी

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी

पटना, दिनांक- 11/07/2022

विषय:- **सामान्य प्रशासन विभाग की लोक सेवा – 'निवास प्रमाण पत्र' में वार्ड संख्या अंकित करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभागीय पत्रांक-673, दिनांक-08.03.2011 के द्वारा आवास प्रमाण पत्र निर्गत करने का जो प्रारूप परिचारित है उसमें आवेदक/आवेदिका के पता के विवरण में वार्ड संख्या वर्णित नहीं रहता है।

2. दिनांक-03.06.2022 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन/नियुक्ति के नियमों के संबंध में समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक-2722, दिनांक-08.06.2022 की प्रति समाज कल्याण विभाग, बिहार से प्राप्त हुई जिसमें आवासीय प्रमाण पत्र में वार्ड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने का निदेश सभी जिला पदाधिकारियों को निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

3. समाज कल्याण विभाग से प्राप्त उपर्युक्त अनुरोध के आलोक में निवास प्रमाण पत्र में आवेदक/आवेदिका के पता के विवरण में वार्ड संख्या को भी अंकित करने तथा इसके संशोधित प्रारूप (छाया प्रति संलग्न) पर सामान्य प्रशासन विभागीय पत्रांक-11102, दिनांक-05.07.2022 से सहमति प्राप्त है। अनुरोध है कि एतदर्थ के संबंध में सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाए।

अनु.-यथोक्त।

विश्वासभाजन
(ह०) 11/07/2022
(मनोरंजन कुमार)
प्रशासनिक पदाधिकारी

ज्ञापांक -बि.प्र.सु.मि.सो./IT-02/2016 (खण्ड) सो0- 1712 दिनांक- 11/07/2022

प्रतिलिपि:- श्री अशोक कुमार, वरीय तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि निवास प्रमाण पत्र के संलग्न प्रारूप के अनुरूप सॉफ्टवयेर में आवश्यक बदलाव करने की कृपा की जाए।

(ह०) 11/07/2022
प्रशासनिक पदाधिकारी

ज्ञापांक -बि.प्र.सु.मि.सो./IT-02/2016 (खण्ड) सो0- 1712 दिनांक- 11/07/2022

प्रतिलिपि:- मो. सिराजुद्दीन अंसारी, सरकार के अवर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह०) 11/07/2022
प्रशासनिक पदाधिकारी

ज्ञापांक -बि.प्र.सु.मि.सो./IT-02/2016 (खण्ड) सो0- 1712 दिनांक- 11/07/2022

प्रतिलिपि:- उप सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

(ह०) 11/07/2022
प्रशासनिक पदाधिकारी

D:\S-2022\OSD.docx

627

बिहार सरकार

फॉर्म-XIII

निवास प्रमाण-पत्र

कार्यालय का नाम ....

प्रमाण-पत्र संख्या............................ दिनांकः....................

आवेदक/आवेदिका का स्व-अभिप्रमाणित फोटोग्राफ

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/ सुश्री/ श्रीमती .... पिता/पति ...., माता-..........................., पंचायत/नगर-............., ग्राम/मोहल्ला-................ वार्ड संख्या- .... पोस्ट-............, पिन कोड- .... थाना- ....,प्रखंड-............,अनुमंडल-............, जिला ...., राज्य .... के स्थायी / अस्थायी निवासी हैं।

स्थानः ....

दिनांकः....................

हस्ताक्षर ....

पदनाम......................